हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, गुरुवार, 5 जून 2025

तापमान
अधिकतम 38.5 डिग्री
न्यूनतम 27.8 डिग्री

12 प्राकृतिक खेती सम्मेलन आज डीसी ने परखी तैयारियां



12 रंगोत्सव में पर्यावरण और कला का दिखाई दिया अद्भुत...



## बैंक से कृषि भूमि पर लाखों का ऋण लेने के लिए तैयार करवाए फर्जी दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

गांव राजथल की कृषि भूमि के फर्जी कागजात तैयार करके जींद का एक युवक ने एक्सिस बैंक से लाखों रुपये का लोन लेने की तैयारी में था। युवक अपने मनसूबे में कामयाब होता इससे पहले ही उसका फर्जीवाड़ा राजस्व रिकॉर्ड में खुलकर सामने आ गया। राजस्व रिकॉर्ड में खुलासा हुआ कि जिस कृषि भूमि पर वह लोन लेने की तैयारी में था वह किसी दूसरी व्यक्ति के नाम है। आरोपित युवक के फर्जीवाड़े का खुलासा होते ही वह मौके नजाकत को देखते तहसील परिसर कुछ कागजात उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने इस मामले में तीन युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके जांच आरंभ कर दी है।

जानकारी के अनुसार जींद निवासी रिंकू ने 30 मई को नारनौंद तहसील कार्यालय में आकर ऋण लेने के लिए दस्तावेज प्रस्तुत किए। पंजीकरण लिपिक ने राजस्व रिकॉर्ड में जांच की जिसके उपरांत रिंकू ने मौखिक बयान दिए कि उसकी राजथल में कृषि भूमि है और एक्सिस बैंक मुख्य शाखा जींद से 18 लाख 65 हजार 900 रूपयों ऋण लेने के लिए बैंक कर्मचारियों को साथ में लेकर आया है। उसके बाद बैंक कर्मचारियों वह दो गवाह के साथ उसकी फोटो ली गई। उसके बाद पंजीकरण लिपिक सुशील कुमार को बताया कि उसके पिता गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। उसके इलाज के लिए ऋण की आवश्यकता है। दो दिन की छुट्टी होने के कारण और बैंक की छुट्टी होने के कारण उसके पिता की हालत खराब हो सकती हैं। उसके द्वारा बताई गए कारण पर सहानुभूति रखते हुए नायब तहसीलदार से हस्ताक्षर करवा कर रिंकू को राजस्व रिकॉर्ड में ऋण दर्ज करवाने के लिए दे दिया गया। इस रिकॉर्ड की प्रति कंप्यूटर ऑपरेटर राकेश शर्मा को देकर इंद्राज जमाबंदी करने के लिए कहा गया।




- तहसील रिकॉर्ड में हुआ फर्जीवाड़े का खुलासा, आरोपी कुछ कागजाज लेकर फरार
- चार नामजद समेत एक अन्य पर केस दर्ज, जांच शुरू

### ऐसे चला फर्जी दस्तावेजों का पता

इस पर कंप्यूटर ऑपरेटर ने रिंकू को बताया कि आपके ऋण इंद्राज में समय लगेगा और जब उसने रिकॉर्ड का अवलोकन किया तो इस भूमि पर रिंकू मालिक नहीं हैं। पाया कि यह भूमि राजथल गांव के सोनू ओर अमित के नाम है। कंप्यूटर ऑपरेटर ने इसकी सूचना तुरंत ही लिपिक सुशील कुमार को दी जिस पर संज्ञान लेते हुए रिंकू की तलाश की गई लेकिन वह नहीं मिला। जब उसके कागजात चैक किया तो उनमें से कुछ कागजात गायब मिले। इसकी सूचना बैंक कर्मचारी को दी बैंक कर्मचारियों के साथ उसकी तलाश की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। इसकी सूचना 112 पर दी गई पुलिस ने भी बार-बार रिंकू को फोन किया लेकिन वह बहाना बनाता रहा। आखिरकार उसकी लोकेशन निकाल कर उसे जगह पर दबिश दी गई लेकिन वह लगातार जगह बदलता रहा। जोकि पुलिस के हाथ नहीं लगा। उसके साथ जींद निवासी प्रवीण चश्मा वाला भी उसका सहयोगी है। उसी ने उसको ऋण दिलाने का भरोसा दिया था। ऋण लेने के लिए बैंक के पैनल पर तैनात वकील जिसने राजस्व रिकॉर्ड की रिपोर्ट बनाई थी। नंबरदार देवेंद्र कुमार एवं कृष्ण नंबरदार निवासी मोठ रांगरान वह अन्य युवक जिन्होंने इस कार्य में उसका साथ दिया इन सबके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में रिंकू, प्रवीण, नंबरदार देवेंद्र कुमार, कृष्ण कुमार व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच आरंभ कर दी है।

### सरेआम सट्टा खाईवाल करते एक गिरफ्तार

**हांसी।** स्पेशल स्टाफ हांसी पुलिस ने सरेआम सट्टा खाईवाल कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तारी के दौरान आरोपी के पास से 26,200 रुपये बरामद किए। आरोपी की पहचान बोगा राम कालोनी निवासी मनन के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार स्पेशल स्टाफ हांसी पुलिस को सूचना मिली थी कि उमरा रोड़ स्थित लाला हुकुमचंद जैन पार्क के समीप एक व्यक्ति सरेआम सट्टा खाईवाल कर रहा है। टीम ने मौके पर पहुंच मनन को सरेआम सट्टा खाईवाल के आरोप में 26,200 रुपए के साथ गिरफ्तार काबू किया।

### खबर संक्षेप

#### गीता कॉलोनी के घर से नकदी व जेवर चोरी

**हिसार।** गंगवा रोड स्थित गीता कॉलोनी के एक मकान में चोरी घुस गए और उन्होंने वहां से हजारों के गहने तथा नकदी चोरी कर ली। इस मामले में पुलिस ने गीता कॉलोनी के संजय पासवान की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता के अनुसार 2 जून की रात को किसी ने हमारे घर में घुसकर 11,000 रुपये, एक मोबाइल और पत्नी की चांदी की दो पाजेब चुरा ली। परिवार के सदस्यों को वारदात का सुबह पता चला।

#### सीएससी से 70 हजार की नकदी चोरी

**हिसार।** सूर्यनगर क्षेत्र में नकाबपोश ने एक सीएससी से हजारों रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। इस मामले में पुलिस ने सूर्य नगर के विकास की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। शिकायतकर्ता के अनुसार वह सूर्य नगर में उसकी श्री श्याम कॉमन सर्विस सेंटर चलाता है। तीन जून की दोपहर को सेंटर पर लॉक लगाकर खाना खाने गया था। वापस आया तो शटर का लॉक टूटा हुआ था और अंदर रखी मेज की दराज से 70 हजार की नकदी गायब थी।

#### दो उद्घघोषित आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** पीओ स्टाफ हांसी पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में उद्घघोषित दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान ढाणी ब्राह्मण निवासी उदय सिंह व सिसाय बोलान निवासी नरेश के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पकड़े गए आरोपी उदय को चैक बाउंस मामले में तथा नरेश को शहर थाना हांसी में दर्ज एक मामले में उद्घघोषित आरोपी अपराधी करार दिया हुआ था।

#### सरेआम जुआ खेलते चार गिरफ्तार

**हांसी।** थाना शहर हांसी पुलिस ने जुआ खेलते हुए 4 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि न्यू चेता मोहल्ला में कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों के साथ जुआ खेल रहे है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर जींद चौक निवासी सोनु, बोगा राम कालोनी निवासी धर्मपाल, गुरु नानक पुरा मोहल्ला निवासी प्रवीन व रजत को 7020 रुपये के साथ गिरफ्तार कर लिया।

#### गबन मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार किए

**हिसार।** सदर थाना पुलिस ने 6 लाख 37 हजार 436 रुपए के स्क्रैप गबन मामले में नामजद सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें वाराणसी के फूलपुर निवासी प्रताप सिंह उर्फ भानू, पंजाब के नाभा निवासी अमरीक और मदनलाल उर्फ सोनू शामिल हैं। जांच अधिकारी एएसआई सूरजमल ने बताया कि इस संबंध में सदर थाना में हिसार के सेक्टर 14 निवासी कुलवंत सिंह ने 6 लाख 37 हजार 436 रुपए के गबन बारे शिकायत दी थी। उसने बताया कि उसका तेजा मार्किट में रोडलाइंस का दफ्तर है।

## बुलानी पड़ी पुलिस, एक दो को हिरासत में लिया तो बढ़ी तकरार

# कैंट मार्केट में कब्जे हटाने पर हंगामा लोगों ने नारेबाजी करके जताया विरोध





- कब्जे हटाने की कार्रवाई के दौरान मिली-जुली प्रतिक्रिया सामने आई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नगर निगम की ओर से हटाए जा रहे अवैध कब्जे के चलते शहर की कैंट मार्केट में बुधवार को जमकर हंगामा हुआ। हालांकि कब्जे हटाने के बारे में लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रिया सामने आई है लेकिन यहां पर दिनभर हंगामा चला। लोगों ने निगम के खिलाफ नारेबाजी भी की। पुलिस ने एक-दो लोगों को एहतियात के तौर पर हिरासत में भी लिया है। अतिक्रमण हटाने की यह कार्रवाई नगर निगम, बीएंडआर और एनएचएआई विभागों द्वारा संयुक्त रूप से की गई थी। इस दौरान अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, एमई अमित बेरवाल, जेई रित्विक, जेई राजकुमार, सीएसआई राजकुमार, एएसआई कपिल सहित तहबाजारी टीम मौजूद रही। इसके अलावा बीएंडआर के अधिकारी व कर्मचारी, एनएचआई के अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे। नगर निगम प्रशासन ने अपनी पूर्व घोषणा के अनुसार कैंट मार्केट से अवैध कब्जे हटाने शुरू किए। निगम अधिकारियों के निर्देशों पर जेसीबी ने इस मार्केट से चबूतरे, शैड व अन्य कब्जे हटाने शुरू किए। निगम की कार्रवाई को देखकर कुछ लोगों ने विरोध शुरू कर दिया और इसे गरीब विरोधी बताया। उनका कहना है कि यहां पर छोटे दुकानदार है, कोई किरयाणा का सामान बेच रहा है तो कोई अंडे व अन्य छोटा सामान बेचकर गुजारा कर रहा है। निगम प्रशासन उन्हें उजाड़ने में लगा है। उनका कहना था कि वे रास्ते से काफी दूर है और रास्ते में कोई अड़चन भी नहीं कर रहे।

उधर, कुछ लोगों का कहना था कि मार्केट में भारी संख्या में अवैध कब्जे हैं। दुकानदारों ने शैड़ व चबूतरे अपने हिसाब से बना रखे हैं और कोई नियम कायदे नहीं है। निगम की ओर से इन लोगों को पिछले कई दिनों से नोटिस दिए जा रहे थे लेकिन वे हटा नहीं रहे थे। ऐसे में निगम ने कार्रवाई की है, जिसे गलत नहीं कहा जा सकता। निगम की कब्जे हटाने की कार्रवाई के दौरान कैंट मार्केट में काफी देर तक हंगामा हुआ। लोगों ने कब्जा हटाने की कार्रवाई का विरोध भी किया। काफी देर तक हंगामा होता रहा और कार्य में बाधा आती देखकर निगम अधिकारियों को पुलिस बुलानी पड़ी। पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस ने एक-दो लोगों को गाड़ी में बैठाने का प्रयास किया तो आसपास के अन्य दुकानदार भी बिफर गए और बोले कि यदि गिरफ्तार करना है तो एक या दो नहीं बल्कि हम सभी चलेंगे। उनका कहना था कि निगम उन्हें कारोबार तो करने नहीं दे रहा तो वे यहां रहकर भी क्या करेंगे। लोगों के विरोध को देखते हुए दोनों लोगों को बिठाए हुए जिप्सी काफी देर तक वहीं खड़ी रही।



**हिसार।** अवैध कब्जे के विरोध में रेस्टोरेंट के सामने विरोध जताते हुए जितेन्द्र श्योराण व सेक्टरवासी। फोटो : हरिभूमि

### रेस्टोरेंट पर पार्किंग की जगह पर कब्जे का आरोप, जताया विरोध

**हिसार।** सेक्टर 9-11 के निवासी एवं हिसार संघर्ष समिति के तत्वावधान में सेक्टर 9-11 के मोड़ पर स्थित रेस्टोरेंट के बाहर एचएसवीपी की लगभग 4000 वर्ग गज की कमर्शियल जगह पर कथित तौर पर किए गए कब्जे के रोष स्वरूप एकत्रित हुए व विरोध जताया। समिति के अध्यक्ष एवं सेक्टर 9-11 प्रधान जितेंद्र श्योराण ने आरोप लगाया कि रेस्टोरेंट द्वारा अवैध रूप से रिहायशी क्षेत्र में कमर्शियल एक्टिविटी की जा रही है। रेस्टोरेंट द्वारा एचएसवीपी की लगभग 4000 कमर्शियल जगह पर कब्जा किया हुआ है और यहां पर उन्होंने अपने मत मुताबिक रास्ते बना रखे हैं। मुख्य मार्ग को बंद कर इस कमर्शियल जगह का यूज रेस्टोरेंट द्वारा किया जा रहा है। जितेंद्र श्योराण ने बताया कि हम शासन-प्रशासन को इस अवैध कब्जे के खिलाफ कार्रवाई व रेस्टोरेंट का अवैध कब्जा हटवाने के लिए दो दिन का समय देते हैं यदि पार्किंग की इस जमीन से कब्जा नहीं हटाया गया तो शुक्रवार से सेक्टरवासियों को साथ लेकर रेस्टोरेंट के सामने शाम को 6 से 8 बजे तक धरना शुरू कर देंगे और इसके बाद यदि कोई कार्रवाई नहीं होती तो दिल्ली रोड को जाम किया जाएगा। इस मौके पर सेक्टर से अदिति, मंजू, संध्या, मिन्नल, सुमन श्योराण, राधा, महाबीर सिंह माईयड़, मनविंद्र सेठी, प्रेमचंद शर्मा, सुमेर शर्मा, जगदीश शर्मा, कुलदीप सिंह, चांद राम ओला, रामनिवास मलिक, राधीर सिंह सिंहमार, बीर सिंह बामल, राजेंद्र सैन, राम बूरा, दयानंद ढांडा आदि मौजूद रहे।

### नोटिस के बावजूद नहीं हटाया दुकानदारों ने सामान

अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा ने बताया कि कैंट मार्केट में लोगों ने भारी संख्या में कब्जे कर रखे हैं। इनको कई दिनों से नोटिस दिए जा रहे थे लेकिन इन्होंने अपना सामान या कब्जा नहीं हटाया। कल भी इन्हें चेताया गया था लेकिन इन पर कोई असर नहीं हुआ। इस पर निगम को यह कार्रवाई करनी पड़ी।



## वीआईपी नंबर की गाड़ी में साढ़े 25 किलो गांजा सहित युवक काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो की फतेहाबाद यूनिट ने नशा तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जिले के गांव बडाला के सुनील कुमार को 25 किलो 520 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी से पुलिस की टीम द्वारा पूछताछ की जा रही है।

जानकारी के अनुसार सब इंस्पेक्टर कपिल देव के नेतृत्व में पुलिस टीम रोहतक जा रही थी। गांव गढ़ी के पास वैष्णो ढाबे पर रुकने के दौरान उन्हें गुप्त सूचना मिली। सूचना के अनुसार सुनील कुमार भारी मात्रा में गांजा लेकर उसी रोड से गुजरने वाला था। पुलिस ने हिसार-दिल्ली नेशनल हाईवे पर नाकाबंदी की। आरोपी वीआईपी नंबर की गाड़ी में सवार होकर आया। पुलिस को देखकर उसने गाड़ी पीछे करके भागने का प्रयास किया लेकिन ट्रैफिक अधिक होने के कारण वह बच नहीं पाया। डीएसपी नारनौंद राज सिंह की निगरानी में तलाशी ली गई। गाड़ी की परिचालक सीट के ऊपर रखे सफेद कट्टे से गांजा बरामद हुआ। आरोपी के पास से दो मोबाइल फोन भी मिले। पुलिस ने बास थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। गांजा, गाड़ी और मोबाइल फोन जब्त कर लिए गए हैं। आरोपी को हिरासत में लेकर जांच जारी है।



**हिसार।** पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

## जागरण में हुई छात्र की हत्या में दो गिरफ्तार

- भाई के साथ मारपीट कर उसका वीडियो वायरल कर किए गए अपमान का बदला लेने के लिए की गई थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

श्याम महोत्सव में रविवार की रात श्याम बाबा का जागरण देखने आए दयालसिंह कालोनी निवासी बीए के छात्र सुरेंद्र गोयत की चाकुओं से गोदकर हत्या किए जाने के मामले में सीआईए पुलिस ने मंगलवार रात दो आरोपितों को राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गीता चौक के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों की पहचान खटीकान मोहल्ला निवासी दीपांशु और मोहित के रूप में हुई है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों को मंगलवार को कोर्ट में पेश 5 दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान पुलिस अन्य आरोपियों को पकड़ने तथा वारदात में प्रयुक्त हथियार व वाहन बरामद तथा उनकी भागने में मदद करने वालों को पकड़ने का प्रयास करेगी। यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने बताया कि सीआईए को सूचना मिली थी कि दयालसिंह कालोनी निवासी सुरेंद्र की हत्या में संलिप्त दो आरोपी हिसार की ओर भागने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर पुलिस गीता चौक पर नाकाबंदी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।



**हांसी।** सुरेन्द्र गोयत के हत्यारोपी मोहित व दिपांशु पुलिस गिरफ्त में व पत्रकारों से बातचीत करते पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन फोटो : हरिभूमि

### वारदात के बाद अलग-अलग दिशा में भागे थे आरोपी

पुलिस अधीक्षक यशवर्धन ने बताया कि सुरेन्द्र पर जानलेवा हमला करने के बाद सभी आरोपी अलग-अलग स्थानों गुरुगांव व अन्य स्थानों पर भाग गए थे। उन्होंने बताया कि वारदात के मोहित व दिपांशु अपना कुछ सामान लेने के लिए घर आए थे। और सामान लेकर भागने की फिराक में थे कि सीआईए पुलिस ने दोनों को गीता चौक के समीप से गिरफ्तार कर लिया।

**मोहित बीए में तथा 12वीं फेल है दीपांशु :** पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी 19 वर्षीय मोहित बीए का छात्र है तथा दीपांशु 12वीं फेल है। पकड़े दोनों आरोपी अविवाहित हैं और दोनों के माता-पिता मेहनत मजदूरी करते हैं।

### 121 बाल-श्रमिको को करवाया मुक्त

**हिसार।** जिले में कार्यरत गैर सरकारी संगठन एमडीडी ऑफ़ इंडिया एवं जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) की ओर से सयुंक्त रूप से संचालित परियोजना 'न्याय तक पहुंच' का तीसरा चरण पूरा हो गया है। इसके तहत संगठनों ने अनेक विशेष उपलब्धियां हासिल की वहीं बुधवार से आरंभ हो रहे परियोजना के चौथे चरण के लिए भी हिसार जिले का चयन किया गया है। एमडीडी ऑफ़ इंडिया की जिला समन्वयक कामिनी मलिक ने बताया कि 11 माह तक चले इस तीसरे चरण के दौरान जिला प्रशासन के सहयोग से जहां 121 बाल-श्रमिको को मुक्त करवाया गया वहीं 826 परिवारों से सीधा संपर्क करके अपनी लडकियों की शादी 18 वर्ष पूर्ण होने पर ही करने के लिए सहमत किया गया।

**बताईं योजनाएं** भाजपा जिला कार्यालय में हिसार लोकसभा प्रमुख कार्यकर्ता कार्यशाला का आयोजन

## जनकल्याण के लिए समर्पित रहा है केंद्र सरकार का ग्यारह वर्षों का कार्यकाल : पंचायत मंत्री

मंत्री कृष्णलाल पंवार, पूर्व मंत्री जेपी दलाल, महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया ने रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा है कि केंद्र सरकार का 11 वर्ष का कार्यकाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के प्रति समर्पित रहा है। इस कार्यकाल में समाज के सभी वर्गों विशेषकर अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है।

वे बुधवार को केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों के संदर्भ में भाजपा जिला कार्यालय में हिसार लोकसभा प्रमुख कार्यकर्ता कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला में मंत्री पंवार के अलावा, पूर्व मंत्री जेपी दलाल एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया मुख्य वक्ता रहे। कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार व पूर्व मंत्री दलाल ने अपने संबोधन में कहा कि अपने कार्यकाल में मोदी सरकार ने भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार किया है। जनधन योजना के माध्यम से करोड़ों गरीबों को बैंकिंग से जोड़ा गया है और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर ने सरकारी योजनाओं का लाभ बिना बिचौलियों के सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाया हैं। नोटबंदी और कालेधन के खिलाफ उठाए गए कदमों ने समानांतर अर्थव्यवस्था पर प्रभावी अंकुश लगाया हैं। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप और रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी निर्माण को बढ़ावा दिया गया हैं। स्वदेशी तेजस लड़ाकू विमान जैसे कदम आत्मनिर्भरता की मिसाल हैं।



**हिसार।** कार्यशाला को संबोधित करते हुए मंत्री कृष्णलाल पंवार।

### प्रदेश महामंत्री ने आगामी कार्यक्रमों

महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया ने इस अभियान के तहत चलने वाले आगामी कार्यक्रमों का ब्यौरा दिया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरी तन्मयता से इस अभियान को सिरे चढ़ाएं। अभियान के जिला संयोजक डॉ. कमल गुप्ता एवं जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने विभिन्न क्षेत्रों से आए अतिथियों का स्वागत किया। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं इस कार्यक्रम की संयोजक सुनीता डांगी, हांसी विधायक विनोद भ्याना, प्रदेश सचिव कैप्टन भूपेन्द्र, पूर्व मंत्री अनूप धानक, हांसी जिला प्रभारी दीपक शर्मा, हिसार जिलाध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़, हांसी जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. डीपी वत्स, पूर्व जिला अध्यक्षा केएल रिणवा, मेयर प्रवीन पोपली, जिला परिषद चेयरमैन सोनू डाटा, जिला महामंत्री आशीष जोशी व संजीव रेवड़ी, सरोज सिहाग व सतबीर वर्मा सहित हिसार लोकसभा क्षेत्र के सैंकड़ों प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### साइट न चलने से बेरोजगार और विद्यार्थी परेशान

**आदमपुर।** वर्तमान में शिक्षण संस्थानों में दाखिले की प्रक्रिया चल रहे हैं, ऐसे समय में सरल पोर्टल ने नहीं चलने या फिर धीमी गति से चलने के कारण विद्यार्थियों के लिए मुश्किलें खड़ी हो गई है। दाखिले के समय जमा करवाए जाने वाले रिहायशी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र समेत अन्य दस्तावेज के समय पर नहीं बनने से विद्यार्थी परेशान है। उन्होंने बताया कि यह पिछले एक सप्ताह से तहसील कार्यालय, उपमंडल कार्यालय व सीएससी पर यह प्रमाण पत्र बनाने के लिए चक्कर काट रहे हैं लेकिन साइटें न चलने के कारण उनका कार्य नहीं हो पा रहा है व वे न ही आवेदन कर पा रहे हैं।

### गुजवि ने परीक्षा परिणाम किए घोषित

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि दिसम्बर 2024 में आयोजित एमएससी फिजिक्स प्रथम सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2022-2023, एमएससी मैथेमेटिक्स तृतीय सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2021-2022, एमबीए हैल्थकेयर प्रथम सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2023, एमएससी साइकोलॉजी तृतीय सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2021-2022, इंटेग्रेटिड बीएससी (लाइफ साइंस)-एमएससी (बोटनी/जूलॉजी/माइक्रोबायोलॉजी /बायोटेक्नोलॉजी) एनईपी-2020 प्रथम सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2023 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है।

### मोक्ष वृद्धाश्रम में बुजुर्गों ने लगाए पौधे

**हिसार।** बुजुर्गों की सेवा व संभाल के प्रति समर्पित मोक्ष वृद्धाश्रम में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पौधरोपण किया गया। इस दौरान सभी पौधों की समुचित देखभाल का संकल्प भी बुजुर्गों ने लिया। इस अवसर पर मोक्ष वृद्धाश्रम की संरक्षक माता पंकज संधीर, डॉ. प्रतिमा गुप्ता, डॉ. प्रभा जैन, वैशाली जैन एवं मोक्ष वृद्धाश्रम के प्रधान विजय भृगु सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### एचएयू में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी की आयोजित

# नियम अपनाकर हर नागरिक दे सकता पर्यावरण संरक्षण में योगदान : प्रो. काम्बोज

**प्रत्येक वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा है कि विश्व पर्यावरण दिवस हमें यह याद दिलाता है कि पृथ्वी केवल हमारी नहीं, बल्कि सभी जीवों की है। इसलिए इसका संरक्षण करना हमारा नैतिक और सामाजिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है और इसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है।

प्रो. बीआर काम्बोज बुधवार को विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानवीकी महाविद्यालय में भारत विकास परिषद, वीर शाखा, हरियाणा पश्चिम एवं हकृवि के वानिकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। 'पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता विषय पर आयोजित यह संगोष्ठी राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। मिशन ग्रीन फाउंडेशन के अध्यक्ष योगी सहजानंद संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय गतिविधि पर्यावरण की सदस्य पूजा अग्रवाल ने की।



हिसार। संगोष्ठी को संबोधित करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज। फोटो: हरिभूमि

### डॉ. आर्य ने जताया आभार

वानिकी विभागाध्यक्ष एवं मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी का आभार जताया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष (उत्तर क्षेत्र -2) डॉ. परमजीत पाहवा, प्रांतीय अध्यक्ष राजेश गुप्ता, भारत विकास परिषद से दीपक शर्मा, माणिक मित्तल, अनूप कुमार, डॉ. रमेश आर्य, डॉ. देवेन्द्र मोहन, संजय भ्याणा, कुलभूषण शर्मा सहित विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, वैज्ञानिक, अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पर्यावरण दिवस एक चेतावनी व अवसर : जैन

राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक दिन ही बल्कि एक चेतावनी और अवसर है। हमें यह समझने के लिए प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। अगर हम आज नहीं चेते तो कल बहुत देर हो जाएगी। उन्होंने कहा कि स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता पैदा करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए।

### प्लास्टिक का उपयोग बंद करना जरूरी

मुख्य वक्ता मिशन ग्रीन फाउंडेशन के अध्यक्ष योगी सहजानंद ने कहा कि प्लास्टिक पॉलिथीन का उपयोग बंद करना बहुत जरूरी है। पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए बारिश के मौसम में अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। प्रदूषण और जैव विविधता के नुकसान के गंभीर परिणामों के बारे में लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। हमें हरित जीवन शैली को बढ़ावा देना होगा ताकि भविष्य की पीढ़ियों के लिए सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सके।

### प्रकृति ने हमें बहुत कुछ दिया : अग्रवाल

कार्यक्रम की अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय गतिविधि पर्यावरण की सदस्य पूजा अग्रवाल ने कहा कि प्रकृति ने हमें बहुत कुछ दिया है उसका अहसान जीवन में कभी नही उतार सकतें। उन्होनें कहा कि पर्यावरण का सबसे बडा दुश्मन पॉलीथीन है इसलिए हमें दैनिक जीवन में कागज या कपड़े के बने थैलों का उपयोग करना चाहिए। उन्होनें संगोष्ठी में पर्यावरण संरक्षण के प्रति शपथ दिलाई।



हांसी : नर्सरी में तैयार पेड़ पौधों की पौध

# जिले में 14 लाख पौधे रोपित करने का लक्ष्य

■ एक पेड़ मां के नाम महाअभियान के दूसरे चरण का श्री गणेश आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

एक पेड़ मां के नाम महाअभियान के दूसरे चरण का शुभारंभ विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर गुरुवार को होगा। चालू वित्त वर्ष में वन विभाग द्वारा जिला में लगभग 14 लाख पौधे रोपित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी मेहनत एवं लगन से काम किया जाएगा और विभिन्न विभागों तथा आम जन का सहयोग भी लिया जाएगा।

जिला वन अधिकारी रोहतास बिरथल ने बताया कि जिला की हरियाली तथा किसानों की आय बढ़ाने को लेकर वन विभाग द्वारा एक विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई है। इसके अंतर्गत इच्छुक किसानों के खेतों में क्लोन सफेदे के पौधे निशुल्क रोपित करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसके लिए 717500 पौधे आरक्षित किए गए हैं। कोई भी किसान पौधे रोपित करने के लिए वन विभाग के कार्यालय से संपर्क कर सकता है। उन्होंने बताया कि पौधे रोपित करवाने के लिए कई योजनाओं के तहत काम किया जाएगा, जैसे पौध गिरी योजना के तहत 124000, जल शक्ति अभियान के तहत 179000 पौधे रोपित होंगे। फ्री सप्लाई स्कीम के तहत 219000 पौधे वितरित किए जाएंगे।

# समारोह में सत्यपाल अग्रवाल और अदिति पारीक को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरुकुल धीरणवास ने समाजसेवी वास्तु आर्किटेक्ट सत्यपाल अग्रवाल व वास्तु डिजाइनर अदिति पारीक को सम्मानित किया है। गुरुकुल धीरणवास में संकल्प समारोह के आयोजन अवसर पर गुरुकुल के कुलपति एवं सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा नई दिल्ली के प्रधान स्वामी आर्यवेश ने उन्हे अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। गुरुकुल धीरणवास के प्रधान स्वामी आदित्यवेश व महासचिव सत्य प्रकाश आर्य ने बताया कि इन्हें यह सम्मान इनके द्वारा वेद सम्मत किए जा रहे उर्जावान भवन निर्माण को देखकर दिया गया है। गुरुकुल से शिक्षित अदिति पारीक ने आज भवन निर्माण के क्षेत्र में कार्य करके एक उदाहरण पर प्रस्तुत किया है।



हिसार :गुरुकुल धीरणवास में सम्मान प्राप्त करती अदिति पारीक।

# भारत में स्टेनलेस स्टील की खपत में वित्त वर्ष 2025 के दौरान लगभग 8 फीसदी की वृद्धि दर्ज : आईएसएसडीए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



रतन जिंदल

■ भारत सचमुच एक वैश्विक विनिर्माण महाशक्ति बनना चाहता है

इंडियन स्टेनलेस स्टील डेवलपमेंट एसोसिएशन (आईएसएसडीए) ने भारत में वित्त वर्ष 2025 में स्टेनलेस स्टील की खपत के आंकड़े घोषित किए। संघ ने वित्त वर्ष 2025 में स्टेनलेस स्टील की खपत 4.85 मिलियन टन (अनंतिम रूप से) रहने का अनुमान लगाया है, जो वित्त वर्ष 2024 की तुलना में लगभग 8 प्रतिशत अधिक है।

आज यहां आयोजित ग्लोबल स्टेनलेस स्टील एक्सपो के दौरान घोषणा करते हुए आईएसएसडीए ने भारतीय बाजार की विकास संभावनाओं पर भरोसा जताया। व्यापक आर्थिक और राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद, भारत में स्टेनलेस स्टील का बाजार मजबूत बना हुआ है और वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है। जिंदल स्टेनलेस के चेयरमैन रतन जिंदल ने कहा कि अगर भारत सचमुच एक वैश्विक विनिर्माण महाशक्ति बनना चाहता है, तो स्टेनलेस स्टील उसकी सबसे मजबूत नींव में से एक होना चाहिए। 2047 तक स्टेनलेस स्टील की खपत 20 मिलियन टन से अधिक होने की संभावना है, इसलिए हमें तीन मुख्य रास्तों से इस क्षेत्र को आगे बढ़ाना चाहिए।

पहला, बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ानी चाहिए। दूसरा, अनुसंधान में निवेश करना, डिजिटल तकनीक का उपयोग बढ़ाना, उद्योग और शिक्षा संस्थानों के बीच सहयोग बढ़ाना, और टिकाऊ उत्पादन को बढ़ावा देना जरूरी है। तीसरा, सरकार के साथ मिलकर खासकर छोटे और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) के लिए समान अवसर बनाए रखना चाहिए, और चीन से सस्ते और सब्सिडी वाले आयातों को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए, खासकर जब ये माल वियतनाम जैसे देशों के जरिए आते हैं।

## माहेश्वरी बंधुओं ने धूमधाम से मनाई महेश नवमी



हिसार : बस अड्डे के बाहर छबील पर सेवा करते माहेश्वरी बंधु व छबील पर शरबत पीने पहुंचे लोग। फोटो : हरिभूमि

**हिसार।** माहेश्वरी बंधुओं से जुड़े संगठनों ने महेश नवमी के उपलक्ष्य में अपना उत्पत्ति दिवस पर्व के रुप में धूमधाम से मनाया। माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष सुरेश माहेश्वरी व सचिव ललित राठी ने बताया कि आज ही के दिन भगवान महेश एवं माता माहेश्वरी (पार्वती) द्वारा लोहागर्ल धाम में हमारे माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति हुई थी। दोनों ने अपने आशीर्वाद से जड़ से चेतन किया था। अपने अराध्य को मनाते हुए हर साल सेवा कार्य किए जाते हैं। इसी उपलक्ष्य में बस अड्डा के बाहर माहेश्वरी सभा हिसार, माहेश्वरी महिला मंडल व माहेश्वरी युवा संगठन के संयुक्त तत्वाधान में ठंडे-मीठे शर्बत की छबील लगाई गई। इसके साथ ही राजमा-चावल का भंडारा चलाया गया। उन्होंने बताया कि पिछले 30 सालों से यही कार्यक्रम किया जाता है। इस बार आठ हजार लीटर शर्बत व एक क्विंटल राजमा-चावल का प्रसाद वितरित किया गया।

## पौधरोपण कर मनाया विश्व पर्यावरण दिवस




आदमपुर। सलेमगढ़ में पौधरोपण करते संगठनों के पदाधिकारी।

**आदमपुर।** पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर आजाद हिन्द युवा क्लब किरतान एवं मानवी कुश्ती एकेडमी सलेमगढ़ द्वारा गांव सलेमगढ़ के शमशान भूमि में पौधरोपण किया गया। इस दौरान पीपल का पेड़ लगाया गया। क्लब प्रधान कपूर सिंह आर्य ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासभा 5 जून को पर्यावरण दिवस के तौर पर नामित किया गया। इस मौके पर मानवी कुश्ती एकेडमी कोच गुरदीप सिंह बैनीवाल, मुकेश कुमारी, सुशील, अभिनव, हर्श, सुभम, नवनीत, राहुल, नरेश, अनुज, प्रतिक, प्रोमिल आर्य, सोनू, योगेश आदि मौजूद थे।

## आनंद स्कूल में योग दिवस प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न




हांसी। आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में आयोजित तीन दिवसीय योग शिविर में योग करते स्कूली बच्चे फोटो : हरिभूमि

**हांसी।** आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस मिलकपुर में 2 से 4 जून तक आयोजित योग दिवस प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का बुधवार को समापन हो गया। तीन दिवसीय शिविर में खेल प्रशिक्षक नसीब बूरा द्वारा विद्यार्थियों को नियमित रूप से प्राणायाम, विभिन्न योगासन एवं योगाभ्यास करवाया गया। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम वन अर्थ, वन हेल्थ रखी गई है, जो पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य के बीच गहरे संबंध को रेखांकित करती है।योग शिविर के समापन पर विद्यालय निदेशक साहिल यादव ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है, बल्कि मानसिक संतुलन एवं आंतरिक शांति भी प्रदान करता है। योग आज के तनावपूर्ण जीवन में संतुलन बनाए रखने का एक महत्वपूर्ण साधन है।

## पंतजलि योग समिति का योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर कल से

■ माता जियो देवी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, खाण्डा खेड़ी 15 दिन तक चलेगा शिविर

**नारनौंद।** भारत स्वाभिमान न्यास एवं पतंजलि योग समिति तहसील बास द्वारा 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एक 15 दिवसीय सहायक योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का शुभांरभ आयोजन 6 जून से 20 जून 2025 तक किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण माता जियो देवी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, खांडा खेड़ी में प्रतिदिन सुबह 5 बजे से 7 बजे तक संचालित किया जाएगा। यह शिविर पतंजलि योग पीठ, हरिद्वार से प्रशिक्षित योगाचार्यों द्वारा संचालित होगा। शिविर में प्रमुख रूप से वैदिक परंपरा से जुड़े आचार्य, भारत स्वाभिमान के प्रदेश प्रभारी ईश आर्य, जिला प्रभारी डॉ. मुकेश कुमार, पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी विरेंद्र बडाला, प्रवक्ता सुरेन्द्र पानू हिन्दुस्तानी द्वारा गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा। भारत स्वाभिमान तहसील बास प्रभारी वेद प्रकाश आर्य ने बताया कि शिविर में मुख्य रूप से आसन, प्राणायाम, सूक्ष्म व्यायाम, ध्यान एवं सूर्य नमस्कार, प्राकृतिक चिकित्सा, आयुर्वेदिक उपचार एवं शरीर रचना विज्ञान, योग दर्शन, पतंजलि योग सूत्र, गौ आधारित कृषि, सात्विक आहार एवं दिनचर्या, सामाजिक कार्य एवं राष्ट्र निर्माण से संबंधित योग प्रशिक्षण के उपरांत सहभागियों को सहायक योग शिक्षक प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

### अग्रोहा मेडिकल में कोविड-19 को लेकर मॉक ड्रिल का सफल आयोजन

# साढ़े तीन मिनट में मरीज को किया गया स्टेबल

■ मॉक ड्रिल का उद्देश्य अस्पताल के विभिन्न विभागों के बीच समन्वय, आपातकालीन प्रतिक्रिया समय, संक्रमण नियंत्रण प्रोटोकॉल का पालन और गंभीर मरीज़ों के प्रबंधन में दक्षता का मूल्यांकन करना था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा ने बुधवार को अपनी कोविड-19 सम्बंधित आपातकालीन तैयारियों का जायजा लेने और उन्हें सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया। इस अभ्यास का मुख्य आकर्षण यह रहा कि ड्रिल के दौरान एक डमी कोविड मरीज़ को एम्बुलेंस से उतारने से लेकर आपातकालीन वार्ड में सभी आवश्यक चिकित्सा प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए मात्र साढ़े तीन मिनट के रिकॉर्ड समय में सफलतापूर्वक स्टेबल किया गया।

इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य अस्पताल के विभिन्न विभागों के बीच समन्वय, आपातकालीन प्रतिक्रिया समय, संक्रमण नियंत्रण प्रोटोकॉल का पालन और गंभीर मरीज़ों के प्रबंधन में दक्षता का मूल्यांकन करना था। ड्रिल के दौरान, एक डमी मरीज़ को कोविड-19 के लक्षणों के साथ अस्पताल की कोविड इकाई में लाया गया। इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजीव चौहान ने कहा कि यह मॉक ड्रिल हमारी कोविड-19 और किसी भी अन्य संक्रामक बीमारी से निपटने की तैयारियों को परखने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

साढ़े तीन मिनट में मरीज़ को स्टेबल करने का सफल प्रदर्शन हमारी टीम की दक्षता, समर्पण और उत्कृष्ट समन्वय को दर्शाता है। हम भविष्य में भी ऐसी किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। महाविद्यालय प्रबंधन ने मॉक ड्रिल में शामिल सभी डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल कर्मियों और सहयोगी स्टाफ के प्रयासों की सराहना की।



हिसार । मॉक ड्रिल के दौरान इलाज करती टीम।

# श्याम लाल गोयल बिछपडी वाले लगातार चौथी बार बने प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

श्री दुर्गा जागरण मंडल अनाज मंडी बरवाला की बैठक श्री कृष्ण धर्मशाला अनाज मंडी बरवाला के प्रांगण में हरिओम गर्ग की अध्यक्षता में हुई, जिसमें मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। पूर्व के कार्यों एवं लेखा-जोखा की समीक्षा के बाद लगातार चौथी बार श्याम लाल गोयल बिछपडी वाले को श्री दुर्गा जागरण मंडल अनाज मंडी बरवाला का प्रधान नियुक्त किया गया और लगातार सातवीं बार अनूप गोयल को प्रेस प्रवक्ता का पद सौपा गया। उपप्रधान का पद नरेश नगुरा, महेंद्र बंसल, गजानंद कनौह, लीलू दमन, राजेश हसनगढ़, सुभाष नारनौंद, राजेश अग्रवाल, अजय चनौत व सुरेश मित्तल को सौपा गया और सचिव का पद विनोद मित्तल, मनोज कुमार व संजय बालक को सौपा गया।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खण्ड हिसार प्रथम की ग्राम पंचायत भगाना, तलवण्डी रूक्का, चिड़ौद व रायपुर में सफाईकर्मी की मृत्यु /त्याग पत्र देने व रिक्त पद रहने के कारण सफाईकर्मियों के पद रिक्त है। इन पदों को सरकार की हिदायतानुसार भरा जाना है। जिनकी शर्तें निम्न प्रकार से है:-

**क्र० सं०** : 1, **खण्ड का नाम** : हिसार-1, **ग्राम का नाम पंचायत** : भगाना (पदों की संख्या : 01), तलवण्डी (पदों की संख्या : 01), रूक्का, चिड़ौद (पदों की संख्या : 01), रायपुर (पदों की संख्या : 02), **दस्तावेज** : साधारण कागज पर प्रार्थना पत्र, अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, शारीरिक रूप से कार्य करने में समर्थ, आयु 18 से 55 वर्ष, आवेदनकर्ता उसी गांव का निवासी हो, 02 पासपोर्ट साईज फोटो। **अन्तिम तिथि** : दिनांक 17.06.2025 तक प्रार्थी अपना आवेदन पत्र पूर्ण दस्तावेजों सहित खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी हिसार-1 के कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर किसी भी कार्य दिवस पर जमा करवा सकता है। दिनांक 17.06.2025 के पश्चात कोई भी आवेदन पत्र नहीं लिया जाएगा।

**नोट :- साक्षात्कार दिनांक 23.06.2025 को प्रातः 11:00 बजे कार्यालय खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी हिसार प्रथम में लिया जाएगा। इसके अलावा साक्षात्कार हेतू अन्य कोई सूचना नहीं दी जाएगी।**

हस्ता/- अमित कुमार सरपंच, रायपुर, मो. 9255559257

हस्ता/- कार्यवाहक सरपंच, ग्राम पंचायत, ढ़ाणी रायपुर जिला हिसार (हरियाणा), मो. 7876107511

## खबर संक्षेप

### अवैध पिस्तौल व कारतूस सप्लायर गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस की एबीवीटी टीम ने 30 मई को गांव चुली बागड़ियान दड़ौली रोड से अवैध पिस्तोल व तीन कारतूस बरामदगी मामले में हथियार सप्लायर आरोपी चुली बागड़ियान निवासी रमेश को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी एएसआई राकेश कुमार ने बताया कि उक्त आरोपी ने मामले में पहले से गिरफ्तार आरोपी कैलाश उर्फ कुकी को 60 हजार रुपये में अवैध पिस्तोल बेचा था, जिसे वह उत्तर प्रदेश से 40 हजार रुपये में खरीद कर लाया था। पुलिस के अनुसार एबीवीटी टीम ने 30 मई को गश्त के दौरान चुली बागड़ियान दड़ौली रोड से कैलाश उर्फ कुकी को गिरफ्तार कर तीन कारतूस सहित अवैध पिस्तोल बरामद किया था।

### 21 बेसहारा पशुओं को पकड़कर भेजा गो-अभ्यारण

**हिसार।** नगर निगम प्रशासन की ओर से बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान की निरंतर जारी हैं। एएसआई संदीप कुमार ने बताया कि टीम के द्वारा बुधवार को शांति नगर, विवके नगर, 12 क्वांटर रोड से बेसहारा पशु पकड़ने का अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने दो दिन में 21 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गौ-अभ्यारण में भेजा गया। बेसहारा पशु पकड़ने वाली टीम के साथ पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

### स्वच्छता पखवाड़े के तहत 150 कपड़े के थैले बांटे

**हिसार।** नगर निगम द्वारा मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के तहत कचरे के सेग्रीगेशन के बारे जानकारी दी गई तथा कपड़े के थैले वितरित किए गये। टीम ने जिदंल चौक तथा आसपास की बस्ती में लोगों को घर में कचरे के एकत्रित करने के लिए हरा व नीला डस्टबिन रखे। हरे रंग के डस्टबिन में सूखा कचरा व नीले रंग के डस्टबिन में गीला कचरा रखे। टीम ने इस दौरान क्षेत्रवासियों में 150 कपड़े के थैले वितरित करके इनको प्रयोग करने के कहा।

### गोदांबा माता की निकाली सवारी शोभा यात्रा

**हिसार।** श्री तिरुपति बालाजी धाम में विधि-विधान से गोदांबा माता की पूजा-अर्चना की गई और सायंकाल सवारी शोभा यात्रा निकाली गई। इस सवारी शोभा यात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत की। अग्रोहा रोड पर टोल प्लाजा के पास स्थापित श्री तिरुपति धाम में सायंकाल अर्चकों ने पूरे विधि विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ गोदांबा माता के विग्रह को रथ पर स्थापित पालकी में विराजमान किया और फिर पूजा-अर्चना के साथ धूमधाम से सवारी शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने सवारी को रस्सों से खींचकर अपनी आस्था व्यक्त की।

### कैमरी रोड पर मिला नवजात शिशु का शव

**हिसार।** शहर के कैमरी रोड पर नहर के पास नवजात शिशु का शव बरामद हुआ है। शिशु एक दिन का बताया जा रहा है। सुबह किसी ने नहर के पास नवजात का शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शिशु के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। एएसआई महिपाल के अनुसार शिशु एक दिन का प्रतीत हो रहा है और बच्चा है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष : पार्क से कम नहीं तलवंडी राणा का रामबाग

## एक श्मशान ऐसा भी, जहां खौफ नहीं है खुशनुमा मंजर, लाखों फूलों की खुशबू से महका तलवंडी राणा का रामबाग, पांच वर्ष पहले बोया जागरूकता का पौधा अब बना वट वृक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सामाजिक संस्था राह ग्रुप फाउंडेशन ने प्रदेश के दस से अधिक श्मशान भूमियों में पर्यावरण संरक्षण की ऐसी लौ जगा दी है कि कभी विरान कहे जाने वाले श्मशानों में अब बहार आई हुई है। इस अभियान की शुरुआत प्रदेश के पहले ऑक्सीजन जोन विलेज तलवंडी राणा से हुई। तलवंडी राणा की श्मशान भूमि अब श्मशान भूमि के नाम पर खौफ नहीं खुशनुमा मंजर का अहसास करवाती है। स्थानीय ग्रामीण जहां पर यहां हर रोज सुबह-शाम मॉर्निंग वॉक के लिए आते है, वहीं प्रदेश के सैकड़ों युवा एवं कॉलेज एवं स्कूलों के विद्यार्थी यहां शैक्षणिक भ्रमण के लिए आते हैं। यहां बता दे कि तलवंडी राणा की श्मशानभूमि में इन दिनों अलग-अलग किस्म के फूलों की बहार आई हुई है। यह बहार भी महज मौसमी नहीं बल्कि वर्ष में करीब 12 माह यहां दर्जनों किस्मों के फूल खिले हुए हैं। तलवंडी राणा गांव की श्मशान भूमि की सुन्दरता का आलम यह है कि यहां पर न केवल प्राकृतिक फूलों की बहार आई हुई है बल्कि यहां पर जानवरों एवं पक्षियों का संरक्षण प्रदान करने के लिए प्राकृतिक ताने-बाने को भी नहीं छेड़ा गया है। यहां की खास बात यह है कि तलवंडी राणा की श्मशान भूमि में पौधरोपण करके एवं गंदे पानी के बेहतर उपयोग करने, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, लैड स्केपिंग, मार्डन गार्डनिंग पद्वति का उपयोग करके यहां पौधरोपण की नई इबारत लिखी गई।



हिसार। फूलों से महकता तलवंडी राणा का रामबाग। फोटो : हरिभूमि

### क्लबों के सदस्य एवं छात्र कर रहे भ्रमण

युवाओं को प्रकृति से जोड़ने व ग्राम स्तर पर पौधरोपण को बढ़ावा देने के लिए नेहरू युवा केन्द्र एवं अलग-अलग शिक्षण संस्थान इन दिनों प्रदेश के पहले ऑक्सीजन जॉन विलेज तलवंडी राणा के भ्रमण कर रहे हैं। जिसमें तलवंडी राणा की श्मशान भूमि इन युवाओं की पहली पसंद बना हुआ है। इसमें युवा श्मशान भूमि एवं इसी प्रकार की विरान पड़ी भूमि के सकारात्मक उपयोग, पौधरोपण की अलग-अलग तकनीक, गंदे पानी के बेहतर उपयोग करने, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, लैड स्केपिंग, मटका थरैपी, मार्डन गार्डनिंग एवं प्राकृतिक वातावरण में पक्षियों एवं जानवरों के संरक्षण की तकनीक समझ रहे हैं।

### फूलों से महक रहें दस से अधिक श्मशान

सामाजिक संस्था राह ग्रुप फाउंडेशन के प्रयासों से प्रदेश के दस से अधिक श्मशान, 300 से अधिक स्कूल व दूसरे सार्वजनिक स्थान महक रहे हैं। तलवंडी राणा श्मशान का हिसार जिले के गांव रायपुर, बीड बबरान, खेड़ी बरकीं, सतनाली, कैथल जिले का गांव जाकोली, जींद जिले का दनौदा व जिमाणा, नरवाना क्षेत्र का गांव लौन, खानपुर गांव की रामबाग समितियां भी अनुसरण कर रही हैं। राह संस्था के नेशनल चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने अपनी टीम के साथ वर्ष 2019 अपने गांव तलवंडी राणा के श्मशान घाट व दूसरे स्थानों पर फूलों की पौधे लगाकर उनका वितरण आरंभ किया। यहां उनका मकसद ग्रामीणों का रुख

### बेहद खराब रही शुरुआत

किसी भी अच्छे कार्य की तरह सामाजिक संस्था राह ग्रुप फाउंडेशन की कलरफुल इण्डिया नामक मुहिम की शुरुआत भी अधिक अच्छी नहीं रही। जब यह कार्य आरंभ हुआ तो लोग ताने मारते थे। इस मुहिम से जुड़े युवाओं के घरवाले भी हिदायत देते थे कि यह कार्य छोड़ दो। जैसे-जैसे पौधे बड़े हुए, उन पर फूल लगने लगे तो नफरत करने वालों की भाषा भी प्रेम में बदल गई। तब से फूल उगाने का अभियान बढ़ता गया। राह ग्रुप फाउंडेशन व ग्रामीणों की टीम के समर्पण और इरादों के आगे सभी मुश्किलें बौनी साबित हुई। अब आलम यह है कि जहां से कभी बदबू के कारण गुजरना मुश्किल होता था।

### तीन चरणों में लगाए दो हजार पेड़

प्रदेश के पहले ऑक्सीजन जोन विलेज तलवंडी राणा में विगत पांच वर्षों में गांव की श्मशान भूमि में तीन चरणों में दो हजार से अधिक औषधीय, छायादार, सजावटी व फलदार पौधे लगाए गए हैं। तलवंडी राणा गांव की श्मशान भूमि में बरगद, पीपल, नीम, पील/जाल, कदम, शीशम, आंवला, अमलतास, जॉटी, कनेर, चांदनी, गुगल बेल, अर्जुन, अमरूद, आम, जामुन, एलोवेरा, तुलसी, गिलोय इत्यादि जैसे अधिक ऑक्सीजन देने वाले पौधों के साथ-साथ सुन्दरता बढ़ाने वाले सजावटी पौधे भी लगाए गए हैं। गांव तलवंडी राणा के श्मशान घाट में पहले से लगे पौधों को भी नया आकार प्रदान कर सुन्दर बनाया गया है।

## सम्मेलन में सीएम नायब सैनी होंगे मुख्य अतिथि

# प्राकृतिक खेती सम्मेलन आज डीसी ने परखी तैयारियां

प्रदेशभर के किसान, कृषि विशेषज्ञ एवं विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारी लेंगे भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में 5 जून को होने वाले प्राकृतिक खेती सम्मेलन की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। उपायुक्त अनीश यादव ने बुधवार को प्रबंधों की समीक्षा की और अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती सम्मेलन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे, जबकि गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा करेंगे। उपायुक्त ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा आयोजित किए जाने वाला प्राकृतिक खेती सम्मेलन किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है, जहां प्राकृतिक खेती के संबंध में व्यापक चर्चा होगी। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में प्रदेशभर के किसान, कृषि विशेषज्ञ एवं विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारी भाग लेंगे। इस सत्र में किसानों को प्राकृतिक खेती की तकनीकों, सरकारी योजनाओं, और कृषि से संबंधित नवीनतम जानकारी प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, जिला परिषद के सीईओ हरबीर सिंह, कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ राजबीर सिंह, एस्सिटेंट प्लांट प्रोटेक्शन ऑफिसर डॉ अरुण कुमार यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



हिसार। सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लेते उपायुक्त अनीश यादव व पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन।

# अभ्यास वर्ग में दिए शिक्षा के टिप्स

- अध्यापक-अध्यापिकाओं का अभ्यास वर्ग आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

देवी भवन के गोयंका सेवा सदन में दो दिवसीय हरियाणा प्रांत सेवा भारती का अध्यापक-अध्यापिकाओं का अभ्यास वर्ग सम्पन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. प्रतिमा गुप्ता पहुंची। अध्यक्षता जिला सह संघ चालक मोहित ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में विपिन व प्रांत उपाध्यक्ष कमल सर्राफ पहुंचे। सुबह योग व ध्यान का सत्र मधु गोयल व गीता कौशिक ने लिया। इसी प्रकार दूसरा सत्र विद्यालयों प्रातःकालीन सभा में अंबिका प्रसाद ने लिया। वहीं, तीसरा सत्र स्वयं का व्यक्तित्व विकास अनुपमा अग्रवाल, चौथा सत्र बालकों की वृद्धि एवं विकास पर गीता कौशिक, पांचवां सत्र पंच परिवर्तन पर विभाग संघ चालक पवन जिंदल ने लिया। सेवा भारती के नगर अध्यक्ष डॉ. सुदर्शन लाल सोनी ने बताया कि इस दो दिवसीय हरियाणा प्रांत अध्यापिका अभ्यास वर्ग में विभिन्न जिलों से 51,अध्यापिकाओं, 22 कार्यकर्ताओं और 4 सुख सहायिकाओं ने भाग लिया।कार्यक्रम में विभाग सेवा प्रमुख पृथ्वी सिंह, सेवा भारती प्रांत उपाध्यक्षा बृजलता, विभाग अध्यक्ष परमजीत सिंह आदि रहे।



हिसार। प्रशिक्षण की प्रतिभागियों को संबोधित करते वक्ता।

### नशे के खिलाफ लांमबंद हुए तलवंडी के ग्रामीण

**हिसार।** निकटवर्ती गांव तलवंडी राणा के ग्रामीणों ने गांव में बढ़ती नशावृति के खिलाफ बिगुल फूंक दिया है। इसमें गांव में अवैध रुप से सूखा नशा व शराब का कारोबार करने वालों का पहले समझाया जाएगा, उनके न मानने की स्थिति में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की मदद से ठोस कार्यवाही अमल में लाने सहित गांव के सार्वजिनक स्थानों पर शराब का ठेका बंद करने को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखने से लेकर उनसे मुलाकात करने पर चर्चा हुई। बुधवार को गांव के प्राइमरी स्कूल में आयोजित एक बैठक में हिस्सा लेते हुए ग्रामीणों ने गांव में अवैध नशा रोकने की शपथ ली है।

## कोर्ट में जुर्माना न भरने पर 5 व्यक्तियों को गिरफ्तारी वारंट

- 3 माह से ज्यादा समय होने पर भी जुर्माना राशि नहीं भरी

**आदमपुर।** पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट द्वारा आदमपुर नगर पालिका बहाल करने की मांग पर दायर मुकदमे के याची कर्ताओं को कोर्ट का समय बर्बाद करने के चलते 50,000 हजार जुर्माना लगाया था और उसे 15 दिन में भरने के आदेश दिए थे। कोर्ट के आदेश के बावजूद इन 5 व्यक्तियों ने 3 माह से ज्यादा समय होने पर भी जुर्माना राशि नहीं भरी। इस पर अब कोर्ट ने 5 व्यक्तियों के गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। इनमें आदमपुर के पवन, हंसराज, राहुल, राजकुमार एवं भरत सिंह निवासी जवाहर नगर शामिल है। इनके गिरफ्तारी वारंट जारी किए किए गए हैं। गिरफ्तारी के लिए आदमपुर पुलिस को आदेश दिए गए हैं। ध्यान रहे कि प्रदेश सरकार ने आदमपुर को नगर पालिका दर्जा दिया था। इसके खिलाफ उक्त सभी लोग नगर पालिका रद करने की मांग को लेकर कोर्ट में गए थे। बाद आदमपुर को नगर पालिका का दिया दर्जा वापस लेने की घोषणा कर दी जिस पर इन्होंने अपना केस वापस ले लिया। ही लोग नगर पालिका जारी रखने की मांग को लेकर फिर कोर्ट में चले गए। इस पर कोर्ट ने कोर्ट का समय खराब करने व कोर्ट में झूठ बोलने के चलते इन 5 पर दस-दस हजार जुर्माना लगा दिया था।

# गुजवि में ग्रुप डी के पांच कर्मचारियों को किया गया ग्रुप सी में पदोन्नत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय के पांच ग्रुप-डी कर्मचारियों को ग्रुप-सी में लैब अटेंडेंट के पद पर पदौन्नत करने पर गैर शिक्षक कर्मचारी कल्याण संघ ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई व कुलसचिव डा. विजय कुमार का आभार व्यक्त किया है।

ऑल हरियाणा यूनिवर्सिटी एप्लॉइज फडरेशन के चेयरमैन व संघ के प्रधान विपिन वधवा ने बताया कि माली रेखा, चौकीदार रणबीर सिंह, सफाई कर्मचारी निहाल सिंह व शारदा देवी तथा एनिमल अटेंडेंट रविन्द्र कुमार को लैब अटेंडेंट के पद पर पदोन्नत किया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने संघ की मांग पर उपरोक्त अप्रूवल दी है। संघ ने कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई से मुलाकात की और अन्य मांगों को भी जल्द से जल्द से पूरा करने की मांग की जिस पर कुलपति ने संघ को पूर्ण आश्वस्त किया।



हिसार। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई का आभार व्यक्त करते हुए फडरेशन के चेयरमैन व संघ के प्रधान विपिन वधवा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# पर्यावरणविद पद्मश्री एमसी मेहता आज करेंगे नवनिर्मित 'रिसोर्स मैनेजमेंट एवं सस्टेनेबिलिटी सेंटर' का उद्घाटन

- गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय बनेगा बनेगा स्वच्छ व सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त कैंपस : वीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 'रिसोर्स मैनेजमेंट एवं सस्टेनेबिलिटी सेंटर' बनाया गया है जिसमे प्रतिदिन करीब डेढ़ टन कचरे को वैज्ञानिक तरिके से प्रोसेस करके संसाधन में बदला जाएगा। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पर्यावरण सरंक्षण को समर्पित एक विशेष आयोजन किया जाएगा, जिसमे जाने माने पर्यावरणविद् पद्मश्री एमसी मेहता मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। इसके बाद पद्मश्री एमसी मेहता एवं कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई नवनिर्मित 'रिसोर्स मैनेजमेंट एवं सस्टेनेबिलिटी सेंटर' का उद्घाटन करेंगे।

कुलपति प्रो नरसी राम बिश्नोई ने सभी से अपील की है की गुजविप्रौवि को स्वच्छ व सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त कैंपस बनाने में अपना सहयोग दें और जिम्मेदार नागरिक के तौर पर हम अपने घर, दुकान, कार्यालय आदि में कचरे को अलग-अलग रखें। सिंगल यूज प्लास्टिक डिस्पोजल का प्रयोग ना करें तथा कचरे को डस्टबिन में ही डाले। प्रतिदिन निकलने वाले करीब डेढ़ टन कचरे को पूरी तरह से वैज्ञानिक तरीके से प्रोसेस करके ठोस कचरा अधिनयम 2016 तथा एनजीटी के आदेशों की अनुपालना की जाएगी।



प्रो. नरसी राम बिश्नोई, कुलपति।

### कचरा फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

ठोस कचरा प्रबंधन नोडल अधिकारी एवं असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मुकेश कुमार ने बताया कि मुहिम को कामयाब बनाने के लिए 6 जून से कैंपस में सिंगल यूज प्लास्टिक आइटम्स व प्लास्टिक लिफाफे बेचने व प्रयोग करने वालों तथा कचरा फैलाने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

## एसडी मार्डन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने किया वाटर पार्क का भ्रमण



**हांसी।** एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल के परिसर में ग्रीष्मकालीन अवकाश में प्री नर्सरी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को दो दिवसीय वॉटर पूल ट्रिप पर ले जाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावक भी साथ रहे। ट्रिप में विद्यार्थियों ने तैराकी के साथ-साथ डीजे नृत्य व स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ़ उठाया। अभिभावकों, शिक्षकों व प्राचार्या ऋतु सिंह की मौजूदगी ने ट्रिप के उत्साह को और बढ़ा दिया। इस गतिविधि से टीम वर्क, खेल भावना को बढ़ावा और रोजमर्रा की भाग दौड़ भरी जिंदगी से निकलकर स्ट्रेस फ्री वातावरण मिला। छात्रों ने जमकर मस्ती की और उन्हें इतना खुश और बेफिक्र देखना बहुत अच्छा अनुभव रहा। विद्यार्थियों व शिक्षकों के बीच एक प्यार भरा रिश्ता बना, जो कहीं ना कहीं बच्चों की शिक्षा में एक सेतु का काम करेगा।

**आयोजन** | आकार वेलफेयर सोसायटी के रंगोत्सव 2025 का चौथा दिन

# रंगोत्सव में पर्यावरण और कला का दिखाई दिया अद्भुत संगम

बच्चों और उनके अभिभावकों ने पर्यावरण संरक्षण का दिया सशक्त संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

आकार वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित 'रंगोत्सव 2025' का चौथा दिन पर्यावरण जागरूकता और सृजनात्मकता का अनूठा उदाहरण बना। इस अवसर पर बच्चों ने घरों में पड़ी पुराने अखबारों और बेकार प्लास्टिक की बोतलों का उपयोग कर मनमोहक कलाकृतियां तैयार कीं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि फार्मर ट्रेनिंग सेंटर, जींद के निदेशक हितेश कालरा ने शिरकत की और बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें जीवन में सकारात्मक सोच और निरंतर प्रयास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। आयोजन की सफलता के लिए आकार वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष सुमित कुमार ने टीम के समर्पित वॉलंटियर्स, मधु, याशिका, प्रियल, प्रिया, रमा, भरत, विवेक शर्मा, अजय व अन्य सदस्यों का आभार प्रकट कर उनके प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में टीम के सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि को पौधा देकर सम्मान किया गया। रंगोत्सव के इस रचनात्मक प्रयास ने यह सिद्ध कर दिया कि कला न केवल सौंदर्य की अभिव्यक्ति है, बल्कि यह सामाजिक संदेशों के प्रसार का भी एक प्रभावी माध्यम है। इस अवसर पर संस्था के सचिव संदीप कुमार, कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, सदस्य सुप्रिया पाहवा,मुकेश सैनी निर्मल, उमेश नामदेव, रमेश सैनी, देवेंद्र सैनी आदि उपस्थित थे।





हिसार। आकार वेलफेयर सोसायटी के रंगोत्सव में हिस्सा लेते विद्यार्थी।

## पुलिस चौकी के पास से रेहड़ी पर रखा गल्ला दिनदहाड़े चोरी, केस

- एक युवक ने फल विक्रेता को बातों में उलझाया, दूसरा गल्ला लेकर फरार

**हांसी।** बस स्टैंड के बाहर स्थित पुलिस चैक पोस्ट के पास से एक युवक दिनदहाड़े एक फल रेहड़ी पर रखा गल्ला लेकर फरार हो गया। गल्ला लेकर जा रहा युवक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। सूचना मिलने बस स्टैंड चौकी प्रभारी ने मौके का निरीक्षण कर फल विक्रेता ढाणी पुरिया निवासी राजेंद्र की शिकायत पर मामला मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रेहड़ी पर रखे गल्ले में करीब पांच हजार रुपये की नकदी थी। मामले की जानकारी देते हुए रेहड़ी संचालक ने बताया कि वह बुधवार दोपहर को खाना खा रहा था। कि इस दौरान दो युवक उसके पास आए। और उनमें से एक युवक ने पास की रेहड़ी के मालिक को बातचीत में उलझा लिया, जबकि दूसरा युवक चुपचाप राजेंद्र की रेहड़ी पर रखा गल्ला उठा कर फरार हो गया।

### सीसीटीवी में कैद

रेहड़ी पर रखा गल्ला चोरी होने के बाद सीसीटीवी कैमरे में एक युवक गल्ला लेकर तोशाम चुंगी की ओर जाते हुए दिखाई दिया। जब राजेंद्र को गल्ला चोरी का पता चला तो आसपास के लोगों की मदद से उन्होंने नजदीकी दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें दोनों युवक वारदात को अंजाम देते साफ नजर आ रहे हैं। बता दें कि बस स्टैंड के गेट पर पुलिस चौकी स्थित है, जिसके इतना नजदीक से इस तरह दिन दिहाड़े गल्ला उठा कर युवक का भागना चिंता का विषय है।